Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Yadav Shri Mitrasen

an>

Title : Need for construction of a bridge on river Gomti with a view to link Deogaon Horbal, Faizabad with Sathinghat – Jagdishpur – Sultanpur in Uttar Pradesh.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : महोदय, जनपद फैजाबाद और जनपद सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के गोमती दरिया दोनों जनपदों के सरहद पर स्थित होने के नाते दो भागों में विभक्त करती है। दोनों जनपद एक ही मण्डल जनपद फैजाबाद में स्थित है। इसलिए प्रशासनिक, धार्मिक, सामाजिक, सा र्वजनित कार्यक्रमों के लिए दोनों जनपदों के बीच में आवागमन का गहरा रिश्ता है। विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर फैजाबाद और विधान सभा क्षेत्र जगदीशपुर अमेठी सुल्तानपुर के बीच में दरिया गोमती स्थित होने के नाते आवागमन में भारी असुविधा है। इसलिए देवगांव होड़बल फैजाबाद मार्ग से सत्तिनघाट जगदीशपुर सुल्तानपुर के बीच में गोमती नदी पर पुल की विशेा आवश्यकता है।

उक्त महत्वपूर्ण गोमती दरिया पर पुल न होने के कारण दोनों क्षेत्रों और जनपदों की जनता को शैक्षणिक, व्यावसायिक, प्रशासनिक तथा विकास संबंधी कार्यो में भारी अवरोध और बाधा बनी हुयी हे। पुल के न होने के कारण लाखों जनता हर प्रकार की सुविधा से वंचित है।

अतएव उक्त पुल के निर्माण की यथोचित समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।